Title: Need to increase the salary and D.A., as revised by the Fifth Pay Commision, of all the permanent teachers of Chhattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले : सभापति महोदय, छत्तीसगढ़ के शिक्षा-कर्मियों का वर्तमान वेतनमान वर्ग (1) में 1200 रुपये बेसिक तथा 182 प्रतिशत महंगाई भत्ता है। इस तरह कुल 3384 रुपये उन्हें प्राप्त होते हैं। वर्ग (2) में 1000 रुपये बेसिक तथा 182 प्रतिशत महंगाई भत्ता है। इस तरह कुल 2850 रुपये उन्हें प्राप्त होते हैं। वर्ग (3) में 800 रुपये बेसिक तथा 182 प्रतिशत महंगाई भत्ता है। इस तरह कुल 2256 रुपये उन्हें प्राप्त होते हैं। जबकि उन्हें भारत सरकार के पांचवें वेतन आयोग के अनुसार लाभ मिलना चाहिए। अभी तक उन्हें 49 प्रतिशत स्वीकृत महंगाई भत्ता नहीं मिल रहा है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए और अपने वेतनमानों और महंगाई भत्ते को बढ़वाने के लिए छत्तीगढ़ के 14,000 शिक्षक 25 जुलाई से अनशन पर बैठे हुए हैं और कई लोग मरने की स्थिति में हैं। उनकी डाक्टरी जांच हो रही है। मैं भारत सरकार से अनुरोध करुंगा कि उन शिक्षा कर्मियों का महंगाई भत्ता और वेतन देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को बाध्य करे और उन्हें स्वीकृत वेतनमान और महंगाई भत्ता दिलवाया जाए।